पाठ 19. अच्छे बच्चे

पाठ का उद्देश्य

इस एकांकी को अभिनय के साथ प्रस्तुत करने से बच्चों को मंच अभिनय का अभ्यास होगा। वे अभिनय की कला सीखेंगे। उनका उच्चारण शुद्ध होगा। उनमें आत्मविश्वास बढ़ेगा। उनका भाषा-ज्ञान बढ़ेगा। 'अच्छे बच्चे' संवाद से उनमें सद्‌गुणों का विकास होगा। उन्हें सभ्य बनने की प्रेरणा मिलेगी तथा उनमें निर्णय लेने की क्षमता का विकास भी होगा।

- अध्यापक बच्चों को इस एकांकी को नाटक के रूप में प्रस्तुत करने को कहें।
- बच्चों के समूह बना दिए जाएँ।
- बच्चे एक साथ मिलकर काम करें।
- वे एक-दूसरे को मार्गदर्शन देकर नाटक को प्रभावी बनाएँ।

इस गतिविधि से बच्चों की भाषा संबंधी तथा तर्क-वितर्क संबंधी बहुविध बौद्‌धिक क्षमता का विकास होगा। आपस में मिल-जुलकर काम करने तथा विचारों का आदान-प्रदान करने से उनकी सामाजिक कुशलता संबंधी तथा अंतर्मुखी विश्लेषण संबंधी बहुविध बौद्‌धिक क्षमता का विकास होगा।